# तीर्थ क्षेत्र पावागिरीजी के चुनाव संपन्न

बबीना । विनोद भैया बैरागी, श्री 1008 सिद्ध क्षेत्र पावागिरीजी पर परम संरक्षक, समाजसेवी मुख्य चुनाव अधिकारी श्री कैलाशचंदजी जैन 'दैनिक विश्व परिवार' झांसी व एडवोकेट श्री अजितकुमार जैन तालबेहट के निर्देशन में क्षेत्र की प्रबंध कार्यकारिणी का चुनाव संपन्न हुआ। कार्यकारिणी समिति में अध्यक्ष पद पर ठेकेदार श्री ज्ञानचंद जैन पुरा, मंत्री श्री जयकुमार जैन कंधारीकला, कोषाध्यक्ष श्री प्रेमचंद जैन नयाखेड़ा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री शिखरचंद जैन 'मास्टर' कनिष्ठ उपाध्यक्ष श्री सौरभ जैन कडेसरा, संयुक्त मंत्री श्री पुष्पेन्द्र जैन 'बिरधा', उपमंत्री श्री आनंद जैन कक्का बबीना, प्रचार मंत्री श्री विनोद भैय्या बैरागी व आय व्यय निरीक्षक श्री अखिलेश जैन गुंदेरा व सिंघई श्री सुमत जैन पवाजी को नियुक्त किया गया। ग्यारह कार्यकारिणी सदस्य भी बनाये गये। क्षेत्र के संरक्षक शिखरचंद जैन, राजकुमार जैन 'पवा', प्रवीण जैन 'पत्रकार' संपादक दैनिक विश्व परिवार, झांसी, सिंघई ऋषभ जैन झांसी, नवीन जैन टेहरका का विशेष सहयोग रहा। निर्वाचित समस्त पदाधिकारी एवं सदस्यों ने क्षेत्र के विकास हेतु शपथ ग्रहण कर तन, मन, धन से सहयोग करने का संकल्प लिया। नवीन अध्यक्ष श्री ज्ञानचंद जैन 'ठेकेदार' ने सभी सदस्यों को तिलक लगाकर आभार व्यक्त किया।





## विशेष अनुरोध

महावीर जयंती का पावन पर्व को हम सभी धूमधाम पूर्वक मनाते आये है। हमारा आपसे सादर अनुरोध है कि आप अपने नगर में महावीर जयंती पर आयोजित सभी कार्यक्रमों में बढ़ चढ़कर भाग लेवें। अपने नगर में प्रभात फेरी, जुलूस, नाटक, कवि सम्मेलन व अन्य धार्मिक व सामाजिक परिचर्चा के आयोजन में भी योगदान देवें। ऐसे समस्त कार्यक्रमों के समाचार एवं फोटो हमें 10 अप्रैल तक भेजें ताकि आपके नगर की गतिविधियों को समाज के मुखपत्र में प्रकाशित कर संपूर्ण गोलालारीय समाज के सम्मुख रख सके।

## विशेष आग्रह

**इन्दौर में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी महावीर जयंती के भव्य चल समारोह में अपनी सहभागिता के लिए दोपहर 2.30 बजे इतवारिया बाजार स्थित श्री नवीन कुमार पंचरत्न के निवास पर एकत्रित होकर अपने समाज बैनर के तले चल समारोह में भाग लेकर एकजुटता का परिचय देवें। हमारा अनुरोध है कि आप अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर समाज को अवश्य ही गौरवांवित करेंगे।**

## अश्रुपूरित श्रद्धांजलि



**श्रीमती अरुणा जैन धर्मपत्नी श्री महेन्द्रकुमार जैन** (राजेश आटो पार्ट्स), इन्दौर का स्वर्गवास 31 जनवरी 2012 को अल्पआयु में हो गया। आप गोलालारीय समाज की महिला मंडल की प्रमुख सदस्या के साथ समाज मंदिर मे मुख्य रुप से जुड़ी थी। आपकी रुचि धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों में विशेष रुप से रहती थी। समाज मंदिर पर पर्यूषण पर्व पर बच्चों को शुद्ध सात्विक भोजन की व्यवस्था में आपका विशेष योगदान रहता था। आपने कई निर्धन छात्रों की पढ़ाई हेतु आर्थिक सहयोग भी दिया।



श्रीमती लीलादेवी जैन धर्मपत्नी श्री जिनेन्द्र कुमार जैन (सूतवाले) इन्दौर का अल्प बीमारी के पश्चात निधन हो गया। विगत 5-6 वर्षो से दशलक्षण पर्व पर श्री दिगम्बर जैन शांतिनाथ मंदिर, न्यू देवास रोड़ पर दस दिनों तक 100-150 विद्यार्थियों की, जो अपने शहर-गांव से आकर इन्दौर में पढ़ाई करते हैं उनकी शुद्ध भोजन की निःशुल्क व्यवस्था करती थी। आप न्यू देवास रोड़ दि. जैन महिला मंडल की संरक्षक एवं सामाजिक, धार्मिक संगठनों व मंडलों के विभिन्न पदों पर रही।

**श्री गोलालारीय दिगम्बर जैन समाज न्यास, श्री गोलालारीय महिला मंडल 'स्तुति', न्यू देवास रोड़ दिगम्बर जैन महिला मंडल एवं गोलालारीय दर्शन परिवार आपके निधन पर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता है।**

### गोलालारीय दर्शन के स्वामित्व एवं अन्य विषयों से संबंधित विवरण
### घोषणा फार्म - 4 (नियम 8)

| | |
|---|---|
| 1. प्रकाशक स्थल | 127, देवी अहिल्या मार्ग, इन्दौर |
| 2. प्रकाशन अवधि | मासिक |
| 3. मुद्रक का नाम | बाहुबली जैन |
| क्या भारत का नागरिक हैं | हाँ |
| पता | 310, उषा नगर एक्स., इन्दौर |
| 4. प्रकाशक का नाम | बाहुबली जैन |
| क्या भारत का नागरिक हैं | हाँ |
| पता | 310, उषा नगर एक्स., इन्दौर |
| 5. संपादक का नाम | राजेन्द्र जैन |
| क्या भारत का नागरिक हैं | हाँ |
| पता | डीकेएन 230, विजय नगर, इन्दौर |
| 6. उन व्यक्तियों के नाम व पते जो समाचार पत्र के स्वामी हों तथा जो समस्त पूंजी के एक प्रतिशत से अधिक से साझेदार या हिस्सेदार हों | श्री गोलालारीय दिगम्बर जैन समाज न्यास, इन्दौर |

मैं बाहुबली जैन एतद् द्वारा घोषित करता हूँ मेरी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार ऊपर दिए गए विवरण सत्य हैं।

हस्ताक्षर
बाहुबली जैन
29 फरवरी 2012 (प्रकाशक के हस्ताक्षर)

**अनुरोध** – 'गोलालारीय दर्शन' पत्रिका में आगामी अंक से उन सभी सहयोगी दानदाताओं का सचित्र परिचय प्रकाशित किया जाना है जिन्होंने शिरोमणि संरक्षक, परम संरक्षक, संरक्षक व विशेष सहयोगी के रुप में इस पत्रिका के लिए धनराशि प्रदान कर हमारे इस छोटे से प्रयास को संबल प्रदान करा है।

************************

## ।। माँ...।।



* माँ हिमालय की तरह ऊंची है, पर हिमालय की तरह कठोर नहीं। माँ सागर की तरह गहरी पर सागर की तरह खारी नहीं। माँ वायु की तरह गतिशील है पर वायु की तरह अदृश्य नहीं। माँ परमेश्वर की तरह महान है पर परमेश्वर की तरह दुर्लभ नहीं। माँ की कोई उपमा नहीं हो सकती क्योंकि माँ कभी उप.... माँ नहीं होती। **माँ तो बस माँ होती है।**

## * विनम्र श्रद्धांजली *



* **श्री विनयचंदजी** का स्वर्गवास 30/12/11 को हो गया। आप धार्मिक एवं सरल स्वभावी व्यक्तित्व थे। परिवार द्वारा आपकी स्मृति में 21000/- रु. की राशि दान स्वरुप समाज को भेंट की गई।



* ज्योतिषाचार्य निर्मल कुमार जैन एवं कैलाशचंद की माताजी **श्रीमती विजयारानी जैन** का स्वर्गवास दिनांक 5/1/12 को हो गया है। आपकी सदैव धार्मिक कार्यक्रमों में विशेष रुचि रही।



* **श्री खेमचंदजी जैन,** विदिशा का स्वर्गवास 17 जनवरी 2012 को 90 वर्ष की आयु में हो गया। आपने प्रतिदिन जिनदर्शन, सामायिक, स्वाध्याय व धार्मिक कार्यों में अपना जीवन व्यतीत किया।



* **श्रीमती हीराबाई स्व. श्री भगवानदासजी जैन** का स्वर्गवास 81 वर्ष की आयु में दिनांक 23/1/12 को हो गया। आप अत्यंत धार्मिक, समाजसेवी एवं मिलनसार थी। आपकी स्मृति आपके परिवार द्वारा समाज के प्रस्तावित मांगलिक परिसर में एक कमरे के निर्माण की सहमति दी है।



* इन्दौर समाज के पूर्व कार्यकारिणी सदस्य **श्री उत्तमचंद जैन** का निधन 2/2/12 को हो गया। आप समाज विकास के लिए सदैव तत्पर रहते हुए अनेको अवसर पर आप समाज पदाधिकारियों का उत्साह बढ़ाते रहे। आपके योगदान को समाज सदैव याद रखेगा।



* **पं. श्री बाबूलालजी शास्त्री** का निधन 4 फरवरी 2012 को ब्रह्मबेला में सामायिक करते समय हो गया. वे 86 वर्ष के थे। फणीशजी ओजस्वी प्रवचनकार थे, वे सदैव श्रावकों को ज्ञानार्जन हेतु प्रेरित करते रहते थे। आप अ.भा.दिगम्बर जैन शास्त्री परिषद् एवं अ.भा. दिगम्बर जैन विद्वत् परिषद् व कई अन्य संस्थाओं के वरिष्ठ सम्मानीय सदस्य थे।



* **श्रीमती श्रीमतीबाई का निधन 4 फरवरी 2012 को** 87 वर्ष की आयु में हो गया है। धार्मिक कार्यों में आपकी विशेष रुचि थी। स्मृति स्वरुप आपके परिवार द्वारा समाज को 5100/- की राशि प्रदान की गई।



* **श्रीमती कलीबाई जैन स्व. श्री कस्तूरचंदजी जैन की धर्मपत्नी** का निधन 8 फरवरी 2012 को हो गया है। आपकी स्मृति में आपके परिवार द्वारा 11000/- रु. की राशि समाज को प्रदान की है।



* **इन्दौर समाज के वरिष्ठ सदस्य श्री सुभाषचंदजी का निधन** समाज के लिए अपूर्णीय क्षति है। आप धार्मिक एवं मिलनसार व्यक्तित्व के धनी थे। आपके परिवार ने आपकी स्मृति में समाज को 11000/- रु. की राशि प्रदान की है।

**श्री गोलालारीय दर्शन परिवार आपके निधन पर सादर श्रद्धांजलि अर्पित करता है।**

**दिवंगत समाज सदस्यों को श्रद्धासुमन अर्पित करने के लिए उनका सचित्र परिचय भेंजे ताकि प्रकाशन किया जा सके।**